सुरेश वाकडे
मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक
महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी
Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com
RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20



वर्ष : ०९ अंक :०६ मुंबई, १६ नवंबर से २२ नवंबर २०१८ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

# धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व

## राजपति सेवा मंडल द्वारा छठ पूजा बड़े धूमधाम से संपन्न

### फिल्मी कलाकारों ने मचाई धूम भाव विभोर हो गए छठ मैया के भक्त

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** साईं बाबा मंदिर के सामने राजपति सेवा मंडल पूरे लोखंड वाला में यूपी और बिहार के लोगों का जैसा समा बंधा हुआ था. विशाल जनसमूह













छठ पूजा समिति के द्वारा महा छठ पूजा का आयोजन किया गया था. छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंडित मिथिलेश झा और राजपति सेवा मंडल के अध्यक्ष अशोक साहनी, प्रमुख मार्गदर्शक मुंबई प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष डॉ. अजंता यादव, आयोजक कांग्रेस के नगरसेवक राजपति यादव के मार्गदर्शन में ६ वर्षों से लगातार हर वर्ष की भांति ऐतिहासिक महा छठ पूजा का आयोजन किया गया था जिसमें राजस्थानी कलाकार, यूपी, बिहार, मुंबई के भजन गायिका पूनम विश्वकर्मा व फिल्मी कलाकार अभिनेत्री चेतना मुखर्जी के अलावा फिल्मी कलाकार के रूप में डुप्लीकेट मिथुन चक्रवर्ती, अमिताभ बच्चन के अलावा कई कलाकार उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए राधे कृष्ण की झांकी, शिव शंकर गौरी की झांकी, मां वैष्णो देवी की झांकी दिखाते हुए भक्ति भरे गीतों से सभी मां के भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया. के अलावा पूरा मैदान व मंच खचाखच भरा हुआ था, मंच पर बैठे राजनीतिक पार्टी के अलावा समाज सेवको, डाक्टरों, पत्रकारों, व्यापारियों के बीच फिल्मी कलाकारों ने अपने फिल्मी गीत, डायलॉग, एक्शन दिखाकर

(शेष पृष्ठ ३ पर)

## जब-जब भाजपा हुई नाकाम तब-तब याद आए श्री राम

### भाजपा श्री राम के नाम से सत्ता में आना चाहती है - विद्या चौहाण









**छठ मैया की कृपा से अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर बने यही मां छठ मैया और देश की जनता से मैं याचना करता हूं - राजहंस सिंह**

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई में बड़े ही धूमधाम के साथ छठ पूजा संपन्न हुई. मुंबई के जुहू समुद्र के किनारे का नजारा कुछ और ही था, ठीक उसी प्रकार से मुंबई, ठाणे, नई मुंबई के अलावा नालासोपारा बोरीवली, कांदिवली, मलाड (पूर्व) के चैतन्य हाल, अप्पापड़ा चढान के नीचे, नवदुर्गा छठ पूजा समिति द्वारा महा छठ पूजा का आयोजन किया गया था. जहां पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता व आमदार विद्या चौहाण प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. उन्होंने छठ मैया के सभी भक्त महिला, पुरुष, बच्चों को शुभेच्छा देते हुए कहा है कि मां छठ मैया आप सब की मनोकामना को पूरी करें, मेरा भी सौभाग्य है कि आज आप सब के बीच में मैं भी उपस्थित हूं. इस मौके पर मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के पत्रकार के पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि इस समय देश व महाराष्ट्र के किसानों की स्थिति बहुत खराब है. नोट बंदी से गरीब को कमाना-खाना मुश्किल हो गया है. मैं यवतमाल व अमरावती में धरना देने जा रही हूं, जो किसानों की जमीन साहूकारों ने हड़पी है, यानी कब्जा किया है. इसके पहले मैंने २० से २५ किसानों की उनकी जमीनों से छुड़ाकर दिलाया है. सन २०१० में साहूकार अधिनियम बनाया गया था उसका पूरा दुरुपयोग हो रहा है. उन्होंने आगे कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार सन २०१३ और १४ मैं चुनाव हुआ तो उसमें श्री राम का अयोध्या में मंदिर बनाने का कोई बात भाजपा ने नहीं की थी, उस समय कहे थे कि भारत देश में रहने वाले हर व्यक्ति के अच्छे दिन आएंगे और उनके खाते में १५ लाख रुपए आएंगे. भोली-भाली जनता उनके लुभावने शब्दों को सुनकर उनको देश का प्रधानमंत्री बना दिया, लेकिन न ही १५ लाख रुपए आए और न ही अच्छे दिन आए. बल्कि उल्टा जो घर में पैसा था वह भी नोट बंदी में खत्म हो गया और लोग बर्बाद हो गए. जब मोदी सरकार हर मुद्दे पर असफल रही अगले बार सरकार नहीं बनेगी. मैं पूरे दावे के और गारंटी के साथ कहती हूं भाजपा सरकार को भी मालूम है. उन्होंने भाजपा सरकार की तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि जब-जब भाजपा हुई नाकाम, तब-तब याद आए श्री राम! इसलिए भाजपा अब श्री राम के नाम लेकर सत्ता में आना चाहती है. अब भाजपा सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए हर कोशिश भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं संघ कर रही है. और अयोध्या में श्री राम मंदिर बनाने की बात कर रही जबकि ४ वर्ष तक गहरी नींद में सोई हुई थी. अब चुनाव देख कर उसे प्रभु राम मंदिर बनाने की याद आ रही है. मैं मंदिर के विरोध में नहीं हूं, मैं मस्जिद के भी विरोध में नहीं हूं मैं गुरुद्वारे के विरोध में नहीं हूं मैं यही चाहती हूं कि देश में सुख-शांति से लोग रहे और अपने परिवार का जीविकोपार्जन करें. इस शुभ अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष व माजी आमदार राजहंस सिंह ने सभी छठ मैया के भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के आयोजकों को भी बधाई दी और पत्रकारों के पूछे सवालों पर उन्होंने कहा है. कि छठ मैया की कृपा से अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर बने यही मां छठ मैया और देश की जनता से मैं याचना करता हूं. (शेष पृष्ठ ३ पर)

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** 'कांचहि बास के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...' और 'उग हो सूरज देब भेलै अर्घ्यक बेर' जैसे पारंपरिक छठ गीत भोजपुरी के सुपरस्टार रवि किशन गाए, तो जुहू चौपाटी का पूरा महौल छठमय हो गया। चौपाटी पर मौजूद लाखों छठव्रतियों ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मंगलवार शाम डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा की। छठ उत्सव महासंघ के मंच पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने करीब साढ़े ७ बजे आकर छठ मैया को अर्घ्य दिया। सीएम के आने से छठ की छटा खिल गई। भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार समेत दर्जनों लोगों ने भी पूजा में भाग लिया। वहीं, बिहारी फ्रंट के मंच पर मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम ने वैदिक रीति-रिवाज से छठ पूजा की। जुहू चौपाटी पर उमड़ने वाले जन सैलाब और सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। जुहू के अलावा शिवाजी पार्क, नैशनल पार्क, पवई तालाब एवं अक्सा बीच समेत अन्य छठ स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बीच अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। नालासोपारा में राजुडी बीच पर समाजसेवी कमल झा, बबिता झा एवं दीनानाथ मिश्रा ने छठ पूजा की।

**गीत-संगीत का आयोजन:** विभिन्न मंचों की ओर से जुहू चौपाटी पर गीत-संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिहारी फ्रंट की ओर से मैथिली की गायिका रंजना झा, संध्या मिश्रा, रश्मि शाक्या जैसे कलाकारों ने प्रस्तुति दी। छठ उत्सव महासंघ के मंच पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्रतियों को संघ के संस्थापक मोहन मिश्रा ने संबोधित करते हुए बीएमसी, मुंबई पुलिस और कार्यकर्ताओं के सहयोग के प्रति आभार जताया।

**विधि-विधान से पूजा:** छठ उत्सव महासंघ के मंच पर वैदिक रीति-रिवाज से पूजा का अयोजन किया गया। पंडित जगदीश मिश्रा, पंडित गौरीशंकर झा, पंडित विनोद झा, विद्या झा और बसंत झा समेत एक दर्जन पंडितों ने वैदिक मंत्रों के बीच सूर्य की आराधना की।

सामाजिक संस्था छठ माता पूजा सेवा समिति पवई, द्वारा पवई तालाब पर विधायक मो.आरिफ (नसीम) खान के मार्गदर्शन में छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में छठ व्रतियों की भीड़ जुटी. समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओ के लिए सभी सुविधाए उपलब्ध कराई गई।

**कल्याण-डोंबिवली में आयोजन:** कल्याण, डोंबिवली, अंबरनाथ, बदलापुर और उल्हासनगर में छठ पूजा का आयोजन हुआ। अंबरनाथ में शिव मंदिर, उल्हासनगर में हिरा घाट पर उल्हास महानगर पालिका की महापौर पंचम कॉलोनी ने आयोजन किया है। कल्याण के खडेगोलवली वॉर्ड क्र.-१०३ भाजपा नगरसेवक मनोज राय ने कार्यक्रम रखा है। कल्याण (पूर्व) हाजी मलंग रोड पर कल्याण के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने आयोजन किया है।

## अक्सा बीच पर छठ मैया के भक्तों को संसद गोपाल शेट्टी ने दी बधाई



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** उत्तर भारतीय विकास मंच के तत्वाधान में पश्चिमी उपनगर मलाड के समुद्री किनारे अक्सा बीच पर छठ मैया का पूजा का आयोजन किया गया था, जिसमें बीजेपी मुंबई प्रवक्ता संजय ठाकुर के संयोजन तथा संसद गोपाल शेट्टी बीजेपी के जिला अध्यक्ष विनोद शेलार के सानिध्य में यह छठ व्रतियों के लिए पूजन सामग्री मुफ्त मे दी गई थी. कार्यक्रम में भोजपुरी फिल्मों के कई कलाकारों में शिवानी दुबे के साथ छठ गीत प्रस्तुत की. उत्तर मुंबई में रहने वाले बिहार और उत्तर भारत के हजारों लोगों ने सूर्य उपासना में भाग लिया. संजय ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धालुओं के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई थी. संसद गोपाल शेट्टी ने सभी व्रतियों को शुभकामनाएं दी और साथ में बधाई देते हुए संजय ठाकुर ने कहा कि हम सब मिलकर इस तरह यहां सभी त्यौहार मनाए. यही छठ मैया से हमारी प्रार्थना है. इस अवसर पर प्रदीप गौड़, विशाल भगत, चंद्र भूषण गुप्ता, नंद सिंह इत्यादि पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे.

## समरस ने की छठ व्रतियों की सेवा



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समरस फाउंडेशन द्वारा छठ पूजा निमित्त कार्यक्रम बोरीवली पूर्व स्थित नेशनल पार्क में रखा गया जिसमें सभी छठ व्रतियों को निशुल्क प्रवेश, जल वितरण, गन्ना वितरण के साथ लगभग २५० स्वयंसेवकों की टीम ने सभी छठ व्रतियों के लिए सेवाएं प्रदान की. इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉक्टर किशोर सिंह, आचार्य धर्मेंद्र मिश्र, मानिकचंद यादव, प्रफुल्ल वाघेला, सतीश मिश्र, सुरेंद्र पांडे, लल्लन सिंह, रमाकांत सिंह, राम सिंह, रवी यादव भगत सिंह, अनुज अवस्थी, सुजीत कनौजिया, संजय शर्मा, अनिल धोबी, निमेष शाह, दशरथ शर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, डॉ.लालचंद गुप्ता, चरण सिंह यादव, मोतीचंद यादव, परमात्मादिन यादव, शैलेंद्र सिंह, मथुरा तिवारी, चौथी प्रसाद, कमलेश वर्मा, सुरेंद्र सिंह, भोला वर्मा, उमेश यादव, दिनेश रस्तोगी, भगवती कुर्मी, स्टैनली रॉबर्ट मेसी, रामेश्वर यादव, कपिल देव शर्मा, अर्चना सिंह, कुसुम सिंह, सुरेखा यादव, कमरुन्निसा शेख, शीला मिश्रा, सुमन सिंह, ईश्वर भाई उमरीगर, शमशाद खान, सुग्रीव राय, भंवरलाल सुथार, हामिद शेख, पवन गुप्ता आदि पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## भायंदर जैसल पार्क चौपाटी पर आस्था का जनसैलाब

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**भायंदर :** भायंदर जैसल पार्क चौपाटी पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा जैसा दिखाई दे रहा था. आस्था के पर्व छठ मैया की पूजा अर्चना के बाद उगते हुए सूर्य को अर्घ देखकर छठ व्रतियों ने अपने व्रत का समापन किया. भायंदर पूर्व के जैसल पार्क चौपाटी पर बनाए गए घाट पर आस्था का जनसैलाब दिखाई दे रहा था.जहां हजारों की संख्या में छठ व्रतियों ने अपना व्रत तोड़ा. इस अवसर पर छुट्टियों के लिए यहां के स्वयंसेवी संगठनों ने स्टाल लगाकर चाय, केला, महाप्रसाद का वितरण किया.इन्हीं सेवा संस्थान में सूर्या मित्र मंडल द्वारा एक दिन पहले शाम ५:०० बजे से अगली सुबह तक चाय का वितरण किया गया.मंडल के अध्यक्ष अजय मंडल ने बताया कि हमारी संस्था ने छठ व्रतियों के लिए ५०० लीटर दूध की चाय तथा ५०० किलो महाप्रसाद का वितरण किया है. किसी संस्था ने केला तो किसी ने नारियल पानी का वितरण किया. छठ पर्व के मौके पर मनपा प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का अपेक्षित सहयोग रहा.

## संपादकीय

### हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम

**बीएमसी के अस्पतालों में डॉक्टर से मिलने की लाइन में खड़े मरीजों में अक्सर बहस हो जाती है। हर मरीज को डॉक्टर से मिलने की जल्दी होती है, लेकिन अब इस समस्या से निजात मिलने वाली है।**



**वजह, कुछ महीनों बीएमसी के अस्पतालों में डॉक्टरों से मिलने के लिए टोकन नंबर दिया जाएगा। एक बार टोकन नंबर मिलने के बाद जब तक डॉक्टर मरीज को बुलाएगा नहीं, तब मरीज डॉक्टर के पास नहीं जा सकेगा। शुरुआत में नायर, कस्तूरबा, कूपर समेत कुछ अस्पतालों में यह व्यवस्था को शुरू हो जाएगी। इस संदर्भ में स्क्रीन वगैरह आने का इंतजार है। हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के तहत यह व्यवस्था की जाएगी।**

**दबाव में करते हैं काम**

**बीएमसी अस्पतालों में डॉक्टर भारी दबाव में काम करते हैं। एक मरीज को देखने के दौरान कई अन्य मरीज आस-पास घेरा बनाकर खड़े हो जाते हैं। लाइन में भी अक्सर परेशानी होती है। नए सिस्टम को एचएमआईएस के जरिए जोड़ा जाएगा। इसके तहत, मरीज जब ओपीडी में जाएगा, तो उसका पंजीकरण होने के बाद उसे एक कंप्यूटर जनित नंबर दिया जाएगा। संबंधित नंबर लेकर मरीज ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने जाएगा। वहां लगे स्क्रीन पर मरीजों का नंबर दिखेगा। मरीज को अपने नंबर का इंतजार करना होगा। जैसे ही मरीज का नंबर स्क्रीन पर दिखेगा, वह डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए अंदर चला जाएगा।**

**एचएमआईएस के फायदे**

**एचएमआईएस बीएमसी अस्पतालों की व्यवस्था बदलने वाला महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट है। इसके तहत, मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर सभी प्रकार के टेस्ट, दवाओं की एंट्री ऑनलाइन होनी है। नायर अस्पताल से शुरू किया गया इसका ट्रायल सफल हो रहा है। इससे संबंधित हार्डवेयर दिसंबर मध्य तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके पूरी तरह से कार्यान्वित हो जाने के बाद मरीजों को किसी भी बीएमसी अस्पताल में अपना कोई पेपर नहीं ले जाना होगा। केवल रजिस्ट्रेशन नंबर से उसकी सारी रिपोर्ट मिल जाएगी। दवाओं का इतिहास भी जान लिया जाएगा। डॉक्टरों के दवाएं लिखते समय ही उसकी उपलब्धता की जानकारी भी मिल सकेगी। एमआरआई, सीटी स्कैन इत्यादि टेस्ट का नंबर भी ऑनलाइन मिलेगा।**

# हिंदी को विश्व भाषा बनाने की चुनौती



- डॉ. अर्चना दूबे

**आज** भारत आधुनिकीकरण की प्रक्रिया व प्रभाव से गुजर रहा है और इस प्रक्रिया में हिंदी को भी साथ में चलना होगा । वैश्विकरण के कारण जो चुनौतियां हमारे सामने आयी, उन चुनौतियो का सामना भी हमारे साहित्यकार और चिंतकों ने डट कर किया । इससे हिंदी में नयें – नयें बिम्ब एवं प्रतीकों का आगमन हुआ । वैश्विकरण का सीधा – साधा अर्थ है – सम्पूर्ण दुनिया का एकमेव हो जाना । आज भूमण्डलीकरण के दौर में जब भाषाई महत्व को बाजार से जोड़कर देखने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है । विश्व की पराजित भाषायें अपनी – अपनी देशी अस्मिता बनाये रखने के लिए संघर्ष करती दिखाई दे रही है । इस संघर्ष की छटपटाहट को दक्षिण अफ्रिकी लेखकों की भाषाई बेचैनी से अपष्ट अनुभव किया जा सकता है । स्वतंत्र भारत में 'अंग्रेजी हटाओं – हिंदी लाओं' के आंदोलन का सूत्रपात राममनोहर लोहिया जी ने किया था, काश यह आंदोलन सफल होता तो आज भाषाई त्रासदी का यह दौर न देखना पड़ता । राममनोहर लोहिया जी का तो यह तर्क था कि 'अंग्रेजी का विरोध न करें, हिंदी का प्रचार करें' आजादी के ७२ वर्षो के दौरान हिंदी भाषा का विकास के नाम पर कुछ औपचारिक घोषणायें की गयी । संस्थान चाहे राज्य के या केंद्र के हिंदी के नाम पर वर्ष में एक बार हिंदी दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की औपचारिकता का निर्वाह अवश्य करते है । हिंदी पखवारा या हिंदी सप्ताह मना लेते है लेकिन सही मायने में अगर देखा जाय तो क्या इन सबसे वास्तव में हिंदी का कुछ भला हो सकता है ।वैश्विक स्तर पर दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशली १२४ भाषाओं में हिंदी का १० स्थान है । इसमें यदि हिंदी की बोलियों और उर्दू को भी मिला दिया जाए तो यह स्थान ८वां हो जायेगा और इस तरह इस सूची में कुल ११३ भाषायें रह जाएगीं । इस खबर से सभी हिंदी प्रेमीयों में उत्साह का माहौल है ।

११३ भाषाओ की सूची में हिंदी को भोजपुरी, मगही,मारवाडी, दक्खिनी, ढुढाडी, हरियाणवी, बोलियों को अलग स्थान दिया गया है। 'अंतरराष्ट्रीय स्तरपर लगातार हिंदी को खंडित देखे जाने का सिलसिला रुक नही रहा है । यह जानबूझकर हिंदी को कमजोर करके दर्शाने का षड्यंत्र है और ऐसी साजिशें हिंदी की सेहत के लिए ठीक नहीं है। डॉ.चैन की भाषाओ की तालिका के अनुसार , हिंदी सभीं बोलीयों को शामिल कर लिया जाए तो हिंदी को प्रथम भाषा के रुप में बोलने वालों की संख्या की दृष्टि से विश्व मे दूसरा स्थान दिया गया है। विश्व भर मे अनेक स्तरों परहिंदी को कमजोर करके देखने की कोशिश की जा रही है ।

दुनीयां भर में अंग्रेजी के बहुत सारे रुप प्रचलित है, फिर भी इस इंडेक्स में उन सभी को एक ही रुप मानकर गणना की गयी है । परंतु हिंदी के साथ ऐसा नहीं किया गया है । वैसे भारत के भीतर भी हिंदी की सहायक बोलियां एकजुट न होकर अपना स्वतंत्र अस्तित्व तलाश रही है और लगातार अपने संघर्ष पथ पर तेज गति से आगे बढ़ती जा रही है । इंडेक्स का दूसरा महत्वपूर्ण कारक आर्थिक प्रभावशीलता है । इसके अंतर्गत भाषा का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का अध्ययन किया गया है । इसमें हिंदी को बारहवां स्थान दिया गया है ।इस इंडेक्स को तैयार करने का तीसरा कारक है संचार, यानी लोगों की बातचीत में संबंधिहत भाषा का कितना इस्तेमाल हो रहा है । इंडेक्स का चौथा कारक अत्यंत महत्वपूर्ण है,मीडिया एवं ज्ञान के क्षेत्र में भाषा इस्तेमाल । इसके अंतर्गतभाषा की इंटरनेट पर उपलब्धता, फिल्मो, विश्वविद्यालयों मे पढाई,भाषा में अकादमिक शोध ग्रन्थों की उपलब्धता के आधार पर गणना की गई है ।विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन औरहिंदी फिल्मो का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है ।इंटरनेट परहिंदी सामग्री का अभी घोर अभाव है। जहां इंटरनेट अग्रेजी सामग्री की उपलब्धता ९५% है, वहींहिंदी की ०.०४% है। इस दिशा में हिंदी को अभी लंबा रास्ता तय करना है। 'शिक्षा तथा शिक्षण के द्वारा मानसिक वृत्तियों वृत्तियों को सुधारना ।

आजहिंदी की वैश्विक स्थिति काफी बेहतर है विश्व के प्रारुप सभी महत्वपूर्ण देशों के विश्वविद्यालयों मे हिंदी अध्ययन अध्यापन हो रहा है । परन्तु विडंबना यह है कि विश्व में अपनी स्थिति के बावजूदहिंदी भाषा अपने ही घर में उपेक्षित जिंदगी जीना पड रही है । हिंदी हमारी दोहरी नीति का शिकार हो चुकी है । यही कारण है कि हिंदी आज तक व्यावहारिक दृष्टि से न तो राजभाषा बन पाई और ना ही राष्ट्र भाषा । 'इस विषय में संदेह नहीं कि अरब जाति के लोग जिज्ञासु थे तथा इसी जिज्ञासा से प्रभावित होकर उन्होंने भारत के अनेक ग्रंथों का अनुवाद अपनी भाषा में किया था ।

हिंदी विश्व के प्रायः सभी महत्वपूर्ण देशों के विश्व विद्यालयों में अध्ययन अध्यापन में विशेषरूप से भागीदार है । अमेरिका जैसे देश की बात करे तो लगभग एक सौ पचास से ज्यादा शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का पठन – पाठन हो रहा है । आज २१वीं सदी में वैश्वीकरण के दबावों के चलते विश्व की तमाम संस्कृतियां एवं भाषाएं आदान – प्रदान व संवाद की प्रक्रिया से गुजर रही है । अगर सत्यता को देखा जाय तो हिंदी इस दिशा में विश्व मनुष्यता को निकट लाने के लिए सेतु (जोड़ने) का कार्य कर रही है।

# नरिमन पॉइंट स्थित मनोरा विधायक निवास गिराने का निकला मुहूर्त

**मुंबई:** आखिरकार नरिमन पॉइंट स्थित मनोरा विधायक निवास को गिराने का मुहूर्त निकल ही गया। इसे गिराने का काम १ दिसंबर से शुरू कर दिया जाएगा। इस इमारत में रहने वाले विधायकों को सरकार एक लाख रुपये किराया दे रही है। नई इमारत ढाई साल में बनकर तैयार होगी, जिसमें कुल ३७३ कमरे होंगे। इसमें विधायकों के लिए ६०० वर्ग फुट से लेकर १००० वर्ग फुट के कमरे होंगे। विधायकों से मिलने के लिए आने वाले मेहमानों के लिए ४०० वर्ग फुट के कमरे होंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि नई इमारत के निर्माण पर ५०० करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।




मंगलवार को विधान भवन परिसर में मनोरा इमारत को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया है कि सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के खत्म होते ही मनोरा निवास को गिराने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इमारत में अपने निवास को खाली मनोरा निवास को १ दिसंबर से गिराने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिन विधायकों ने मनोरा इमारत खाली कर दी है, उन्हें एक लाख रुपये किराया दिया जा रहा है और जिन्होंने इमारत खाली नहीं की है उन्हें मासिक किराया नहीं दिया जाएगा।

करने के संबंध में सरकार ने कई बार विधायकों से कहा था। इसके बाद ६३ विधायकों ने यह इमारत छोड़ दी, जबकि करीब १५० विधायक अब भी उसमें डटे हुए हैं। जिन विधायकों ने मनोरा इमारत खाली कर दी है, सरकार उन विधायकों को एक लाख रुपये मासिक किराया दे रही है और जिन विधायकों ने इमारत खाली नहीं की है उन्हें यह किराया नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य का शीलकालीन सत्र १९ नवंबर से शुरू हो रहा है, जो ३० नवंबर तक चलेगा। सत्र खत्म होने के अगले ही दिन तोड़क कार्रवाई शुरू की जाएगी। विधान परिषद के सभापति रामराजे नाइक निंबालकर व विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागडे के नेतृत्व में हुई बैठक में संसदीय कार्यमंत्री गिरीष बापट, लोकनिर्माण विभाग, बीएमसी, एमएमआरडीए, पर्यावरण विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल हुए। हालांकि बैठक में विधायकों से जोर जबरजस्ती नहीं करने की बात कही गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जो वधियक वहां रहेंगे, वह अपने रिस्क पर रहेंगे।

कुछ हिस्सा सीआरजेड से प्रभावित

मनोरा निवास का कुछ हिस्सा तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) से प्रभावित है। सीआरजेड की नई नियमावली अगले साल के शुरू में आने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# ताकि समय पर उठ सके कचरा

**मुंबई :** कचरा न उठाए जाने को लेकर लगातार बढ़ रही शिकायतों के बाद बीएमसी ने कई वॉर्डों में गाड़ियों की संख्या बढ़ा दी है। भायखला के ई वॉर्ड, माटुंगा के एफ/उत्तर, मानखुर्द के एम/पूर्व विभाग में गाड़ियों की संख्या बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि पूरी मुंबई में कचरा उठाने के लिए नए ठेकेदारों की नियुक्ति की गई है। जो कि अलग-अलग वॉर्ड में अपना काम शुरू कर रहे हैं।




पुराने ठेके में कचरा उठाने की न्यूनतम संख्या को हटा दिया गया है। अब वजन के आधार पर पैसे देने का फैसला हुआ है। कचरा कम होने की वजह से गाड़ियों में भी कमी करने का आदेश दिया गया था। लेकिन कई वॉर्डों में कचरा समय पर न उठाने जाने को लेकर लगातार शिकायतें आने लगी। जिसके बाद यह बदलाव किया गया। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गाड़ियों की संख्या कम किए जाने के बाद रूट को नए सिरे से बनाया जाना चाहिए था जो कि नहीं हुआ। इसी के चलते यह समस्या पैदा हुई। जनता की परेशानी को देखते हुए हमने संख्या बढ़ा दी। समाजवादी पार्टी के ग्रुप नेता रईस शेख ने बताया कि गाड़ियों को पहले बुलाकर खड़ा कर दिया जाता है, जबकि शिफ्ट बाद में शुरू होती है। कचरा उठाने के पॉइंट अधिक बढ़ गए हैं। इन बुनियादी दिक्कतों को हल करके ही यह समस्या सुलझाई जा सकती है।

# आयुक्त जायसवाल ने लिया निर्णय, रु500 करोड़ के लिए अभय योजना बंद

**ठाणे,** संपत्ति कर और पानी बिल की वसूली के लिए ठाणे मनपा आयुक्त ने कुल ५०० करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य रखा है। साथ ही अभय योजना को खत्म करने तथा अधिक कर वसूली के लिए कठोर कार्रवाई का निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया है। बता दें कि मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने मंगलवार को यूआर सिटी में संपत्ति कर और पानी बिल सहित अन्य विषयों के संदर्भ में एक बैठक बुलाई थी, जिसमें आयुक्त जायसवाल ने संपत्ति कर विभाग और जलापूर्ति विभाग को कर वसूली में गति लाने का निर्देश देते हुए कहा कि संपत्ति कर और पानी बिल की वसूली का ८४ फीसदी अर्थात ५०० करोड रुपए की वसूली दिसंबर माह के अंत तक हो जानी चाहिए। अब तक मनपा द्वारा संपत्ति कर की वसूली पर नजर डाली जाए तो करीब ३०२ करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है जो कि निर्धारित लक्ष्य से ५० फीसदी से अधिक है। साथ ही ठाणे में करीब ४.७५ लाख टैक्सधारकों में से २.६६ लाख ग्राहकों ने



कर जमा किया है जबकि २.०९ लाख लोगों ने कर नहीं भरा है। बकाया लोगों के लिए प्रभाग समिति निहाय विशेष वसूली मुहिम शुरू करने का निर्देश भी आयुक्त जायसवाल ने सभी सहायक आयुक्तों और वॉर्ड अधिकारियों को दिया है।

**अवैध बैनर-होर्डिंग, दर्ज होगा मामला**

दिवाली के दौरान मनपा से बिना अनुमति के शहरभर में अवैध तरीके से होर्डिंग और बैनर लगानेवालों पर कोर्ट का अपमान किए जाने का मामला दर्ज किया जानेवाला है क्योंकि मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने मंगलवार को एक बैठक में उक्त आदेश मनपा विधि विभाग को दिया है। साथ ही अतिक्रमण विभाग को फीस भी वसूलने का आदेश सभी सहायक आयुक्तों को दिया है।

# इमारत में लगी आग

**मुंबई,** अंधेरी के वीरा देसाई मार्ग पर स्थित २२ मंजिला इमारत में कल भीषण आग लग गई। यह आग कदमनगर एसआरए (चॉल) की १०वीं और ११वीं मंजिल पर लगी थी। यह घटना कल रात करीब ८.३० बजे घटी। मनपा आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने घटनास्थल पर पहुंचते ही मोर्चा संभाल लिया। खबर लिखे जाने तक दमकल विभाग ने आग में फंसे ४ में से ३ लोगों को बचा लिया था जबकि १ की तलाश जारी थी।

इनमें से २ लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है।

# ६ हजार के लिए रचा, अपहरण का नाटक

**मुंब्रा,** पड़ोसी से ६ हजार रुपए का कर्ज लेकर फरार हुई युवती ने अपने अपहरण का ऐसा नाटक रचा कि उसके परिजनों के साथ-साथ पुलिसवालों की भी नींद हराम हो गई। फिलहाल पुलिस ने युवती को परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कौसा अलमास कॉलोनी स्थित मकसूद नगर निवासी १९ वर्षीय युवती नुरुल निशा ने अपने पड़ोसी से ६,००० रुपए कर्ज लिया था। इस बात को अपने परिजनों से छुपाने के लिए वह अपने एक दोस्त की मदद से फरार हो गई। युवती के बाप इमामुल हक अंसारी की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इसी दौरान युवती ने अपने परिजनों तथा दोस्तों को फोन कर बताया कि तीन लोगों ने उसका



अपहरण कर लिया है और विरार रेलवे स्टेशन के बाथरूम में बंद करके रखा है। यह सूचना मिलते ही मुंब्रा पुलिस ने विरार रेलवे पुलिस को इसकी जानकारी दी। विरार रेलवे पुलिस ने पूरे रेलवे स्टेशन से लेकर आस-पास के सभी शौचालयों को छान मारा पर कुछ हासिल नहीं हुआ। दूसरे दिन फिर युवती ने विरार व दहाणू में रखे जाने की जानकारी पुलिस को दी। जिस समय युवती यह सब नाटक कर रही थी, उस समय जांच में जुटी पुलिस ने उसके दो साथियों मुर्तजा और हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे मैसेज भेजा, जिसमें पुलिस को गुमराह करने के आरोप में उस पर व उसके परिजनों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लेने की चेतावनी दी गई थी। इस धमकी के बाद युवती ने विरार स्थित अपने लोकेशन की जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# रानी बाग घूमने आए रेकॉर्डतोड़ लोग

**मुंबई :** दिवाली के बाद पहले रविवार को हजारों लोग रानी बाग पहुंचे। इस दिन लगभग १९ हजार लोगों के पहुंचने से रानी बाग प्रशासन ने एक ही दिन में ७ लाख १० हजार रुपये की कमाई की। लोगों की इतनी बड़ी संख्या में मौजूदगी ने पिछले साल का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले साल दिवाली के अगले रविवार को १६ हजार लोगों ने मौजूदगी दर्ज करवाई थी, जिससे ६ लाख ६० हजार रुपयों का मुनाफा हुआ था। रानी बाग में पर्यटकों की बढ़ी संख्या का कारण पेंगुइन है, जो लोगों को आकर्षित कर रही है।

रानी बाग के एक कर्मचारी ने बताया, दिवाली की छुट्टियों में हमेशा ज्यादा लोग आते हैं, लेकिन इस बार उम्मीद से ज्यादा लोग आए। भीड़ बढ़ने के कारण ५ बजे लोगों के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया था। उस समय जो लोग लाइन में थे, सिर्फ उन्हें ही अंदर जाने दिया गया। लगभग २ हजार लोगों को प्राणी संग्रहालय देखे बिना वापस घर जाना पड़ा।

रविवार को १८ हजार ७२१ टिकट बेचे गए। पेंगुइन लाए जाने के बाद से रानी बाग के टिकट की कीमत बढ़ा दी गई है। छोटे बच्चों के लिए २५ रुपये, बड़ों के लिए ५० रुपये और परिवार के लिए १०० रुपये शुल्क लिया जाता है।


## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905,9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# भगवान किसी को गरीबी न दे!

## गरीबी से तंग मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को पिलाया जहर

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई :** मुंबई में आर्थिक तंगी और गरीबी के चलते महिला ने अपने कलेजे के टुकड़े ५ साल के बेटे को जहर पिलाकर ख़ुद भी आत्महत्या का प्रयास किया. बेटे की मौत हो गई जबकि मां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है. सांताक्रुज पुलिस ने मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. सांताक्रुज पश्चिम के जूहू तारा रोड स्थित शिवाजी नगर में राजेश आयरे की पत्नी रीना (३४ वर्ष) और बेटे हर्ष (५ वर्ष) साथ रहते थे. दिहाड़ी मजदूरी का काम करने वाले राजेश का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था. सोमवार की रात ८:०० बजे रीना ने पति राजेश से घर खर्च के लिए पैसे की मांग की इसको लेकर उनका आपस में झगड़ा हुआ. आर्थिक बदहाली से जूझ रही रीना ५ साल के बच्चे को घर से लेकर निकल गई. वह बच्चे को लेकर जुहू चौपाटी गई, उसने मेडिकल की दुकान से चूहा मारने की दवा ली और उसी रात को १०:०० बजे चूहा मारने की दवा पिला दीया और खुद भी पी लिया. मेरे बाद मेरे बच्चे का क्या होगा? ऐसा विचार कर उसने अपने बेटे को भी चूहा मारने की दवा पिला दी थी, उसे कुछ समय बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो वह बच्चे को लेकर कूपर अस्पताल पहुंची. वहां डॉक्टरों ने रीना और बच्चे को भर्ती कर लिया. कूपर अस्पताल के डॉक्टरों के तुरंत किए गए



इलाज से रीना की तो जान बच गई लेकिन उसके बेटे हर्ष को नहीं बचाया जा सका. कूपर अस्पताल में इलाज के दौरान हर्ष की तबीयत बिगड़ती गई और उसने अंततः दम तोड़ दिया. गौरतलब है कि देश में आर्थिक तंगी और गरीबी से निपटने के लिए सरकार ने कई तरह की योजनाएं चलाई है. मगर गरीब भूखे प्यासे तड़प तड़प के मर रहे हैं, उनको देखने वाला कोई नहीं है.

सच किसी ने कहा है- भगवान किसी को गरीबी न दे मौत दे दे, बदनसीबी न दे. आज बड़े-बड़े नेता अपनी कुर्सी पाने के पहले भोली-भाली जनता को गुमराह करते हुए कहते हैं कि मुझे एक बार सेवा करने का मौका दें हम देश से गरीबी और बेरोजगारी का अंत कर दूंगा. मगर ऐसा नहीं हुआ. तरह-तरह की योजनाएं आती हैं और फाइलों में रहकर पड़ी की पड़ी रह जाती है. उसका फायदा सरकार से मिलेजुले उनके करीबी नेताओं और करीबियों को मिलता है. मगर आम जनता तक नहीं पहुंच पाता. यही कारण है कि जिस मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को भूख से तड़पते देख उसकी आत्मा कांप उठी और उसने अपने ही कलेजे के टुकड़े को जहर देकर मारने की कोशिश की और खुद भी आत्महत्या करके अपने को भी मारने की कोशिश की. मगर डॉक्टरों ने उसे बचा लिया और उसे कानून के रखवालों ने सजा दिलाने के लिए एफआईआर दर्ज कर ली है. मगर यह देश के नेता क्या गुनहगार नहीं है? क्या देश का सिस्टम गुनहगार नहीं है? इसका जबाबदार कौन है? यह बड़ी ही दुखद घड़ी है. राजेश आयरे के परिवार के साथ हुई घटना के लिए शर्म आनी चाहिए. देश के नेताओं और इस देश के सिस्टम को जिसके शासनकाल में एक गरीब मां अपने बेटे को जहर देकर मार देना चाहती है.

# शिवसेना ने राम मंदिर निर्माण हेतु उत्तर भारतीयों से मांगा समर्थन

**जय कुमार शर्मा**

**ठाणे :** ठाणे महानगरपालिका के उपमहापौर रमाकांत माढवी ने ९ नवंबर २०१८ की शाम अपने निवास स्थान पर दिवा वासियों के साथ एक मीटिंग रखी, जिसमें उत्तर भारतीय बड़ी संख्या में मौजूद थे. उप महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि राम मंदिर निर्माण के वादे के साथ भाजपा केंद्र व उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने में कामयाब रही है. लेकिन सत्ता मिलते ही वह कुंभकर्ण की नींद सो गई है. उसे जगाने की जरूरत है. जिसमें उत्तर भारतीयों के सहयोग के बिना यह काम पूरा नहीं हो सकता. कुछ जिलों के नाम बदल कर भाजपा सरकार राम मंदिर मुद्दे से जनता का ध्यान हटाना चाहती है. लेकिन शिवसेना ऐसा नहीं



होने देगी. उन्होंने भाजपा का दोहरा चरित्र याद दिलाते हुए कहा कि यदि SC-ST मामले में भाजपा सरकार उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ निर्णय ले सकती है.

तो राम मंदिर निर्माण हेतु कानून क्यों नहीं बना रही है. ताकि राम मंदिर मुद्दा जीवंत रहे और वह राजनीतिक रोटियां सेकते रहे. उप महापौर ने बताया कि उद्धव ठाकरे, संजय राऊत, ठाणे जिला के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भारी संख्या में शिवसैनिक २५ नवंबर २०१८ को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे. उप महापौर ने जीवन की मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं पर चर्चा की तथा इन समस्याओं का निवारण करने का वादा भी किया. इस अवसर पर शिवसेना शाखा प्रमुख सचिव भी उपस्थित थे.

## ब्राह्मण महासम्मेलन २५ नवंबर को

**ठाणे:** ब्रह्म फाउंडेशन और गौड ब्राह्मण संस्था के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर '७वां ब्राह्मण महासम्मेलन' एवं '१०वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन' २५ नवंबर को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम ठाणे महानगर पालिका के वेदांत खुला नाट्य मंच, वर्तक नगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में दसवीं कक्षा से प्रोफेशनल डिग्री तक के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक ऐड. बी.एल. शर्मा ने दी। महासम्मेलन का उद्घाटन महामंडलेश्वर बालयोगेश्वर महाराज करेंगे।

## छुट्टियों में कब्जा, अब तोड़क कार्रवाई

**मुंबई:** दिवाली की छुट्टियों में ५ दिन बीएमसी बंद होने का फायदा उठाकर अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर शामत आ गई। बांद्रा में हाइवे और एसवी रोड के जंक्शन पर स्थित कुरैशी नगर में बने अवैध २५० झोपड़े बीएमसी ने तोड़ दिए। खुली जगह पर छुट्टियों का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने कब्जा जमा लिया था। दरअसल, खुली जगहों पर कब्जा करने की यह पुरानी तरकीब है। जानकार का कहना है कि पहले दो-तीन बार इन्हें तोड़ा जाता है, फिर बाद में प्रशासन दूसरे कामों में उलझ जाता है।

## ब्रोकर से मांगा एक करोड़ का हफ्ता

**ठाणे:** शहर निवासी शेयर मार्केट में बतौर सब ब्रोकर कार्यरत व्यवसायी से कुख्यात अपराधी रवि पुजारी ने एक करोड़ रुपये हफ्ता मांगा है। धमकी का फोन व्यवसायी को इंटरनेट के जरिए किया गया था। कलवा पुलिस में शिकायत के बाद मामला ठाणे पुलिस के हफ्तावसूली निरोधी दस्ते को सौंपा दिया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस व्यक्ति ने फोन कर धमकी दी है, उसकी आवाज रवि पुजारी की आवाज से अलग है। शिकायतकर्ता पिछले कई साल से फाइनैंशल कंसल्टेंसी चलाता है।

## नगरसेवक के घर से लाखों की चोरी

**वसई:** साई नगर इलाके में बहुजन विकास आघाडी के नगरसेवक संदीप पाटील के घर से अज्ञात चोरों ने लगभग ४ लाख रुपये की जूलरी चोरी की है। अमीपार्क निवासी वर्षा संदीप ने बताया कि वह २ दिन पूर्व किसी काम से बाहर गए थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर बेडरूम में रखी तिजोरी से ३ लाख ९० हजार जेवरात चोरी कर लिए।

## कल्याण में अवैध बोर्डों पर कार्रवाई

**कल्याण:** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने दुकान के सामने फुटपाथ तक बोर्ड लगाए दुकानों के बोर्ड तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब तक लगभग १०० दुकानों का बोर्ड छोड़ दिया है। मनपा के अधिकारी लगातार अवैध रूप से बने बोर्ड तोड़ने का काम शुरू कर दिए है। हालांकि मनपा के इस कार्रवाई से दुकानदारों में नाराजगी है।

## लखनऊ में नहीं रुकेंगी ये ट्रेनें

**मुंबई:** रेलवे ट्रेन संख्या १५०४५-४६, १९०३८-३७, १९०३९-४०, १९०२२-२१ के मार्गों में बदलाव करने जा रही है। ये ट्रेनें पहले कानपुर सेंट्रल-मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बराबंकी जाती थीं। अब कानपुर सेंट्रल-मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर-बराबांक होकर जाएंगी।

## ७ स्टेशनों पर लहराएगा राष्ट्रध्वज

**मुंबई:** भारतीय रेल ने देश के ७५ सबसे व्यस्त स्टेशनों के परिसरों में इस साल के अंत तक १०० फुट ऊंचा राष्ट्रध्वज लगाने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड ने २२ अक्टूबर को इस सिलसिले में आदेश जारी किया है। अधिकारियों से अगले महीने के अंत तक राष्ट्रध्वज लगाने का काम पूरा करने को कहा गया है।

## इनकम टैक्स केस में राहुल-सोनिया को सुनेगा कोर्ट

**नई दिल्ली :** २०११-१२ के टैक्स मामले में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और ऑस्कर फर्नांडिस की अर्जी पर कोर्ट ४ दिसंबर को अंतिम दलीलें सुनेगा। इनकम टैक्स विभाग के मुताबिक, नेताओं ने उस दौरान टैक्स देनदारी में छिपाया कि वे यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे। मसलन तब राहुल गांधी की आय १५४ करोड़ होती, न कि ६८ लाख। हाई कोर्ट ने डिपार्टमेंट को फिर से असेसमेंट की इजाजत दी थी।

राहुल और सोनिया ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें २०११-१२ के लिए उनके कर आकलन को दोबारा खोलने के मामले में उन्हें राहत देने से मना कर दिया गया था।

## दिवाली पर आग के ५० फोन कॉल

**मुंबई:** मुंबई दमकल सेवा को पिछले हफ्ते दिवाली के दौरान पांच दिनों में पटाखे छोड़ने से आग लगने की घटनाओं के ५० फोन कॉल आए। एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष २०१७ में दिवाली के दौरान हुई इसी तरह की घटनाओं में इस साल बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने इस वर्ष पटाखे छोड़ने के लिए दो घंटे का वक्त निर्धारित किया था। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शहर के अग्नि नियंत्रण कक्ष को छह से १० नवम्बर के बीच आग लगने के कुल १९६ फोन आए, जिनमें से ५० घटनाएं पटाखे छोड़ने के दौरान हुई दुर्घटनाओं से संबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पटाखों से आग लगने के ३७ फोन कॉल आए थे।

# बोरीवली पुलिस थाने के सामने कोर्ट के बगल में नौकरी के नाम पर मची है लूट

## नवयुवक लड़के-लड़कियों को नौकरी दिलाने के नाम पर किया जा रहा है गोरखधंधा

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** बोरीवली पश्चिम पुलिस थाने के सामने और बोरीवली कोर्ट के बगल में पोस्ट ऑफिस के पास सेकंड फ्लोर पर एनआईआईटी ऑफिस है, जहां पर पढ़े-लिखे बच्चों को नौकरी दिलाने के नाम पर कॉल किया जाता है. और फिर इंटरव्यू लेने के लिए बुलाया जाता है. और इंटरव्यू का रु.५०० लेते हैं. बच्चों को बड़े-बड़े लुभावने जैसे आईसीआईसीआई बैंक में ऑफीसर की नौकरी दिलाने की बात करते हैं और २५ हजार पगार शुरू में ही दिलाने की बात करते हैं. इसके पहले यह नवयुवक लड़की और लड़कियों से फीस के तौर पर ८०,००० और जीएसटी के रूप में १४,००० कुल मिलाकर रु ९४,००० लेते है.. अगर किसी के पास पैसा नहीं है तो वे बैंक द्वारा लोन कराकर पैसे ले लेते हैं और हफ्ता आवेदक को देना पड़ता है. अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि मैं इतना पैसा नहीं दे सकता तो यह एजेंट यह गोरखधंधा चलाने वाले एनआईआईटी के लोग पहले तो फोन करके बुलाते हैं फिर इंटरव्यू लेते हैं जो व्यक्ति रु.९४,००० देने को तैयार हो जाता है, उसको इंटरव्यू में पास करते हैं और जो नहीं देता या देने में असमर्थता जाहिर करता है, तो उसे फेल कर दिया जाता है. उससे रु.५०० इंटरव्यू चार्ज लेते हैं.



**भ्रष्टाचार निर्मूलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने शासन-प्रशासन से जांच करने की मांग की**




गौरतलब है कि यह लोग कहां से और किसके द्वारा नवयुवक युवकों का फोन नंबर पाते हैं? पहले तो फोन करके बुलाते हैं और फिर इस तरह से हर बच्चों से रु.५०० इंटरव्यू का लिया जाता है. जैसा कि आप जानते हैं आज तक भारतवर्ष के किसी भी कोने में इंटरव्यू देने जाने वाला किसी भी बच्चे से कोई फीस नहीं ली जाती. मगर यह बच्चों को गुमराह करके बुलाते हैं और बुलाने के बाद उनसे रु.५०० लेते हैं. इस तरह भुक्तभोगी ने जानकारी दी है कि उन्होंने आगे यह भी कहा है कि हर दिन लगभग ५० से ६० लड़के और लड़कियां इनके जाल में फंस जाते हैं और उन्हे रु.५०० तो देना ही पड़ता है. नहीं तो वे ऑफिस से बाहर नहीं आने देते हैं. नाम पूछने पर वहां बैठी इंटरव्यू लेने वाली महिला या पुरुष कोई भी व्यक्ति अपना नाम नहीं बताता है. सबसे बड़ी बात यह है कि जबकि वही बोरीवली पुलिस थाने के नाक के नीचे और बोरीवली कोर्ट के बगल में यह गोरखधंधा चल रहा है. मगर पुलिस को कानो कान खबर नहीं है.

मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के पत्रकार ने जब इसकी जानकारी लेने के लिए एनआईआईटी के स्टाफ से और बोरीवली पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से संपर्क करना चाहा मगर संपर्क नहीं हो सका. भुक्तभोगी लड़के और लड़कियों ने नाम न छापने के शर्त पर यह जानकारी दी.

भ्रष्टाचार निर्मूलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने शासन-प्रशासन से जांच करने की मांग की है. दोषी पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है. या जानकारी शासन और प्रशासन को उन्होंने मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के माध्यम से दी है..

# पानी बिल में नहीं मिलेगी कोई छूट

**ठाणे,** ठाणे मनपा की तरफ से जल्दी ही संपत्ति कर और पानी बिल वसूली की मुहिम तेज की जाएगी। मनपा आयुक्त संजीव जयसवाल ने अधिकारियों के लिए इस साल के आखिर तक ५०० करोड़ की संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। आयुक्त ने इस काम में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने और जरूरत पड़ने पर कड़ा कदम उठाने का आदेश दिया है। संपत्ति कर तथा पानी बिल वसूली के दौरान नल कनेक्शन काटने और संपत्ति को जब्त करने का भी आदेश दिया गया है। आयुक्त ने पानी बिल को लेकर कोई अभय योजना नहीं लागू करने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने आदेश दिया है कि प्रभाग समिति के अंतर्गत तुरंत वसूली को जोरो पर शुरू किया जाए।

## राजपति सेवा मंडल द्वारा महा छठ पूजा...

(पृष्ठ १ का शेष)

लोगों के दिल में अपना स्थान बनाया. तो वही राजस्थानी कलाकारों ने अपने सर के ऊपर आग लगाकर चाय पकाया और लोगों को पिलाया और इसके अलावा लोटे पर खड़े होकर डांस किया, तो कई तरह के जादुई करतब दिखाकर बूढ़े से लेकर बच्चों तक के दिल में अपना स्थान बना लिया. वहीं मुंबई कांग्रेस की महिला अध्यक्ष डॉ. अजंता यादव, जिला अध्यक्ष अशोक सूत्राले, माजी आमदार राम पंडागले, मेट्रो दिनांक की मुद्रक प्रकाशक मंजू तिवारी, प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी, डॉ. टी. बी. सिंह, डॉक्टर आर.बी. यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरवर खान, सुभाष यादव के अलावा कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने छठ मैया के भक्तों को बधाई दी. वहीं कांग्रेस के मुंबई प्रदेश की महिला अध्यक्ष डॉक्टर अजंता यादव ने छठ मैया के भक्तों को शुभेच्छा देते हुए जनता से २०१९ में कांग्रेस पार्टी को वोट देकर सत्ता में लाने की अपील की और इसके अलावा महिलाओं को बचत गट भी बनाने की अपील की है. इस शुभ अवसर पर समता नगर पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक बाविस्कर और शिंदे साहब के अलावा भारी संख्या में उपस्थित अतिथियों को उत्तर प्रदेश, बिहार की परंपरा के अनुसार स्वागत में रुमाल व पुष्पगुच्छ देकर कार्यक्रम के संयोजक नगरसेवक राजपति यादव ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजपति सेवा मंडल के पदाधिकारी सदस्य के अलावा कांग्रेस पार्टी के बेसिक यूथ व महिला कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने भी अहम भूमिका निभाई है. इस शुभ अवसर पर उपस्थित स्थानीय रहवासियों ने कार्यक्रम के आयोजक राजपति यादव और मुंबई की महिला अध्यक्ष डॉक्टर अजंता यादव की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि छह वर्षों से लगातार छठ मैया का कार्यक्रम करते आ रहे हैं, जिसमें इस वर्ष में तो एतिहासिक कार्यक्रम हुआ, इसके लिए हम सब लोग इनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मां छठ मैया से विनती करते हैं कि मां इस विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर अजंता यादव को आमदार बनाकर विधानसभा में भेजें, जिससे हमारी इस विधानसभा क्षेत्र की पूरी समस्या विधानसभा में उठाई जाए. और यहां की समस्याओं से भी निजात मिल सके, यही हम सब माता से याचना करते हुए विनती करते हैं और इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित सभी भक्तों का हम सब तहे दिल से हार्दिक स्वागत, हार्दिक अभिनंदन करते हैं.

## जब-जब भाजपा हुई नाकाम...

(पृष्ठ १ का शेष)

जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हुए हैं, तब से भारतवर्ष के कोने कोने में विकास की गंगा बह रही है. जिसको देखकर विपक्षी पार्टियों की नींद हराम हो गई है. नवदुर्गा छठ पूजा समिति के अध्यक्ष लल्लन भगत ने आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल देकर स्वागत किया. अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी राजन सिंह, विजय मिश्रा, संकेत नालावडे, पप्पू सिंह, आनंद सिंह प्रदीप सिंह, जगदीश मिश्रा, यदुवंश सिंह, वकील भाई, भारती बेंडे, धर्मेंद्र मिश्रा, थानाराम चौधरी, काशीनाथ धोंडे, जेपी सिंह, प्रशांत सिंह ठाकुर इत्यादि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में नवदुर्गा छठ समिति के पदाधिकारी अशोक सिंह, गुड्डू सिंह, सुनील सहानी, राजेश रावत, टुन्ना मंडल, गामा पटेल, हरिश्चंद्र यादव, व्यास भगत, मिथिलेश पटेल, मनोज भगत, हरेंद्र भगत, प्रेम भगत, शिव प्रताप सिंह, श्याम चौधरी इत्यादि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है. ठीक इसी प्रकार से मलाड (पूर्व) बुआ सालवी मैदान में महा छठ पूजा एकता मित्र मंडल द्वारा भव्य छठ पूजा का आयोजन किया गया था जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में शिवसेना के नगरसेवक आत्माराम चाचे, शिवसेना विधानसभा संगठक व माजी नगरसेवक प्रशांत कदम, मेट्रो दिनांक मुद्रक प्रकाशक मंजू तिवारी, प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी के अलावा शिवसेना के युवा नेता अंकित प्रभु, वरिष्ठ नेता प्रदीप निगम, शाखा प्रमुख विजय गावडे के अलावा भारी संख्या में समाज सेवक व व्यापारी गण उपस्थित थे महा छठ पूजा एकता मित्र मंडल के अध्यक्ष जगन्नाथ वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, उप कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, जनरल सेक्रेट्री संतोष सिंह, उप सेक्रेटरी बालेश्वर प्रसाद इत्यादि पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल देकर स्वागत किया. इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदलाल सिंह, विक्की सिंह, किशोर शाह, मास्टर चंदेश्वर प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, चंदेश्वर भगत, जनार्दन रावत इत्यादि लोगों ने अहम भूमिका निभाई है. मंडल द्वारा सभी छठ मैया के भक्तों को हर संभव सुविधा दी गई जिसकी वजह से लगभग ८ से १० हजार छठ मैया के भक्तों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम के आयोजकों का उत्साह बढ़ाया. मंडल के जनरल सेक्रेटरी संतोष सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले मंडल के पदाधिकारियों सदस्यों एवं सभी सहयोगियों के अलावा भारी संख्या में उपस्थित छठ मैया के भक्तों का आभार माना है.


# मुंबई में राज बब्बर को चुनाव लड़ने की तैयारी

## उत्तर पश्चिम से संजय, कृपा और प्रियंका चतुर्वेदी का भी दावा

### मारू का मत के पक्ष में समर्थक

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है. राज्य व्यापी संघर्ष यात्रा में मिले समर्थन से प्रदेशाध्यक्ष अशोक चौहाण काफी खुश हैं. कांग्रेस का दावा है कि जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का समर्थन मिला है. उससे राज्य में सत्ता परिवर्तन हो सकता है. पार्टी मानती है कि बीजेपी सरकार के खिलाफ लोगों में काफी नाराजगी है, लेकिन उसको वोट में परिवर्तित करने के लिए अभी भी मेहनत करनी होगी. शहरी भागों में भी हालत ठीक नहीं है. विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे और नागपुर महानगर क्षेत्र में कांग्रेस का आधार नहीं बन पा रहा है. यही गुटबाजी से पार्टी का भारी नुकसान हो रहा है. अगले सप्ताह लोकसभा सीटों की समीक्षा और संभावित उम्मीदवारों को लेकर पार्टी तीन दिवसीय मंथन करने जा रही है. जिसमें मुंबई और थाने की सीटों पर विशेष फोकस होगा. यहां लोकसभा की १० और विधानसभा की ७ सीटें हैं. पालघर लोकसभा सीट पर कांग्रेस, राकांपा की महाआघाडी हितेंद्र ठाकुर की पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी से गठबंधन करेगी. इस सीट पर ठाकुर की पार्टी का उम्मीदवार मैदान में होगा. इस ९ सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारने के लिए अभी से रणनीति बनाई जा रही है. आश्चर्यजनक रूप से उत्तर मुंबई संसदीय सीट पर बीजेपी सांसद गोपाल शेट्टी के सामने कांग्रेस का कोई उम्मीदवार लड़ने को तैयार नहीं है. वहां से सांसद रहे संजय निरुपम अपनी सीट छोड़कर गुरुदास कामत की परंपरागत सीट रही उत्तर-पश्चिम संसदीय सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन यहां स्थित एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति है. गुरुदास कामत के निधन के बाद उनकी श्रद्धांजलि सहित क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में वह लगातार हिस्सा ले रही है. उत्तर भारतीय नेता के तौर पर कृपाशंकर सिंह ने भी अपना दावा ठोका है. उनके समर्थक मानते हैं कि कृपाशंकर सिंह ही ऐसे नेता है. जो बीजेपी खेमे में उत्तर भारतीयों को कांग्रेस के पाले में ला सकते हैं. हालांकि कामत समर्थक उनकी पत्नी को टिकट देने की मांग कर रहे हैं. इसके लिए बाकायदा राहुल गांधी को प्रतिवेदन भी दिया गया है..




### मुंबई में सक्रिय होना चाहते हैं राज बब्बर

**मुंबई :** कांग्रेसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बॉलीवुड के प्रभाव वाले इस इलाके से कांग्रेस नेतृत्व अभिनेता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज बब्बर को लगाने पर विचार कर रही है. राज बब्बर उत्तर प्रदेश की राजनीति छोड़ कर मुंबई में सक्रिय होना चाहते हैं. उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. नए अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ राज बब्बर मुंबई में सक्रिय हो जाएंगे. सूत्रों ने बताया है कि हाईकमान की पहल पर प्रदेश नेतृत्व से उनकी दो दौर की बातचीत हो चुकी है. कांग्रेस के नेता मानते हैं कि बीजेपी शिवसेना का प्रभाव रोकने के लिए राज बब्बर जैसे नेता को उतारना होगा. हालांकि इस सीट से संजय निरुपम के अलावा कृपाशंकर सिंह और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी के नाम की भी चर्चा है. मूल रूप से मुंबई के अंधेरी क्षेत्र की रहने वाली प्रियंका चतुर्वेदी पिछले दो-तीन महीने से काफी सक्रिय है.




# भाजपा के पूर्व प्रत्याशी वार्ड क्रमांक ४२ की अध्यक्षा भारती बेंडे ने बांटी साड़ी, मिठाई और शर्ट, जनता ने दी बधाई






**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई के मालाड (पुर्व) स्थित वार्ड क्रमांक ४२ के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र पिंपरी पाड़ा, आंबेडकर नगर, अप्पा पाड़ा, पाल नगर, आदर्श नगर, सिद्धार्थ नगर, जामऋषि नगर इत्यादि क्षेत्रों में दीपावली के शुभ अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी वार्ड क्रमांक ४२ की अध्यक्षा भारती बेंडे ने लगभग ६०० घरों में महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को शर्ट और कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटकर सबको दीपावली की शुभेच्छा दी है. इस अवसर शुभ अवसर पर दिंडोशी विधान सभा के महामंत्री सुधीर भाऊ राऊत, सुरेश सिंपी, भाजपा वार्ड के महामंत्री सुनील पाल, प्रदीप सिंह, अखिलेश पांडे, रविंद्र बानी, उमाशंकर यादव, खलील शेख, विनय सिंह, सरोज यादव, वेंकटेश सिमल, अंजना सिंह, मैना पटेल, रीता यादव, सीता प्रजापति, सुरेखा कांबले, मंगला सूर्यवंशी, अर्चना दुर्गावाड, रीना विश्वकर्मा इत्यादि पदाधिकारियों ने उपयुक्त वितरण के कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई है. गौरतलब है. कि भारती बेंडे मेहनती, कर्मठ भाजपा की पदाधिकारी हैं, जो दिंडोशी विधानसभा में जब तक रहीं विधान सभा की महिला अध्यक्षा रहीं वे रात दिन लोगों के लिए काम किया करती थीं, जिसको देखकर पार्टी के हाईकमान ने उन्हें टिकट देकर चुनाव में भी उतारा था, जो कुछ ही वोटों से चुनाव हार गई। मगर काम करने का हौसला आज भी पहले से भी ज्यादा हुआ है. जो आज अपने वार्ड के अलावा हर वार्डों में लोगों का काम करती आ रही है, जिससे जनता उनकी सराहना करती है. भारती बेंडे क्षेत्र में भारती ताई के नाम से जानी जाती हैं.

# मालाड में छात्र पर फायरिंग

## छात्र की बाल-बाल बची जान, आरोपी गिरफ्तार

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मलाड पूर्व कुरार विलेज में एक व्यक्ति ने छात्र पर गोलीबारी कर दी इससे इलाके में सनसनी फैल गई. हमलावर ने उस पर दो राउंड गोली चलाई. इस गोलीबारी से छात्र बाल-बाल बच गया छात्र को गोली छूते हुए निकल गई. कुरार पुलिस ने आरोपी दिनेश कनौजिया (३५ वर्ष) को गिरफ्तार किया है. उसके पास से देसी कट्टा जप्त किया गया है. कुरार पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उदयराज शिर्के ने पूछताछ के दौरान बताया है कि मलाड पूर्व कुरार विलेज में क्रांति नगर स्थित भोलेनाथ चाल में सूरज बुद्धदेव विश्वकर्मा (१९ वर्ष) अपने माता पिता के साथ रहता था बुधवार की रात १०:३५ पर सूरज के घर के पास पड़ोस में रहने वाला दिनेश कनौजिया शराब पीकर अपने दोस्त के साथ गाली-गलौज कर रहा था. यह सुनकर सूरज ने उसे गाली न देने उसे अपने घर से दूर जाने को कहा. यह बात दिनेश को काफी नागवार लगा जिससे वह गुस्से में आकर उसने अपने कमर से देसी कट्टा निकाला और सूरज पर फायरिंग कर दी. सूरज जान बचाने के लिए घर में भागा. दिनेश ने उस पर दो राउंड गोलीबारी की जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई. दिनेश गोलीबारी कर फरार हो गया. कुरार पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और कुछ ही घंटे के अंदर आरोपी दिनेश को पुलिस द्वारा ट्रैप लगाकर गिरफ्तार कर लिया. उस पर कई संगीन अपराधिक मामले दर्ज है. वह कट्टा लेकर किस मकसद से घूम रहा था पुलिस इसकी जांच कर रही है.

गौरतलब है कि क्रांति नगर अप्पा पाड़ा, गांधी नगर, अंबेडकर नगर, भीम नगर, शिवाजी नगर, इतिहास क्षेत्रों में अन्य क्षेत्र से कई संगीन अपराधिक कारनामे करके अपराधी प्रवृति के लड़के शाम ढलते ही गली नाले एसआरए बिल्डिंग और नाकों पर खड़े होकर लूटपाट, मारपीट करते रहते हैं. कई बार कुरार की पुलिस ने ऐसे अपराधिक गुंडों को दारू पीते जुआ खेलते पकड़ा है. मगर यह गुंडे उल्टा पुलिस से ही वाद-विवाद कर लेते हैं और धमकी तक देते हैं की दारू पीता हूं. मैं अपने पैसे का, गर्द पीता हूं तो अपने बाप के पैसे का. मुझे बोलने वाले आप कौन होते हो? अगर आप पकड़ कर मुझे पुलिस थाने ले जाओगे तो मैं आप के खिलाफ कंप्लेंट करूंगा कि मुझसे पैसा मांग रहे थे. मैंने पैसा नहीं दिया इसलिए मुझे पुलिस थाने में पकड़ लिया. इस तरह की गुंडों और टपोरियों की शब्द को सुनकर पुलिस वाला भी पीछे हट गया और उसके ऊपर कार्रवाई करने के बजाएं चला गया. यह घटना अप्पा पाडा, एस.आर.ए. बिल्डिंग के बगल की है. जिसको देखते हुए जनता के मन में अब डर समाया जाने लगा है.कि जब ऐसे गुंडों से पुलिस डर रही है. तो आम आदमी इनके खिलाफ कैसे आवाज उठा सकते हैं?

*मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी* Mob. : 9004162915 / 70391 43986 / 8286048875
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com

पहले से ज्यादा, पहले से बेहतर

सत्यमेव जयते
महाराष्ट्र शासन



खेती करना आसान काम नहीं था, पर सरकार के यांत्रिकीकरण अभियान की बदौलत हमें खेती के लिए आधुनिक संसाधन मिले, जिससे अब खेती करना पहले से सरल और आसान हुआ। आधुनिक संसाधनों से अब मेहनत कम और समय में भी बचत होने के साथ-साथ कम लागत में उत्पादन भी अधिक होने लगा है।

सरकार की ओर से मिले 1 लाख रुपए अनुदान से मैंने टैक्टर खरीदा, उसे चलाना भी सीख लिया। अब मैं पति के कंधे से कंधा मिलाकर खेती के कामों में मदद करती हूं। खेती का काम अधिक तेजी से करने लगी हूं। इससे मजदूरी में बचत होने के साथ-साथ उपज में भी वृद्धि हो रही है।

अपने खेती में गन्ना, अमरुद, अनार, सहजन, अंगूर जैसे फलों के साथ-साथ सब्जियों और विविध फसलों से उत्पादन लेती हूं। घर का काम करने के साथ-साथ मैं खेती के कामों में भी हाथ बटाती हूँ। हालांकि खेती में मेरा काम तो अब भी वहीं है, लेकिन अब थकान बिल्कुल भी महसूस नहीं होती।

– संगीता सांगले, सत्यगाँव, ता. येवला, जि. नासिक

हाँ, आगे बढ़ रहा है मेरा महाराष्ट्र

किसानों के लिए कुल सहायता
2014 से

कर्ज माफी 22,996 करोड़ रुपए
फसल बीमा 11,952 करोड़ रुपए
नुकसान का मुआवजा 14,690 करोड़ रुपए
आढ़तमुक्ति 3,100 करोड़ रुपए
: कुल : 52,738 करोड़ रुपए

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

1999-14 (15 वर्ष)
7680 करोड़ सहायता प्राप्त
लाभार्थी 1 करोड़

2014-18 (4 वर्ष)
12 हजार करोड़ सहायता प्राप्त
लाभार्थी 2.14 करोड़

हेक्टेयर संरक्षित मूल्य
2013-14 : 17,078 रुपए
2016-17 : 31,509 रुपए
कुल वृद्धि : 84 प्रतिशत

छत्रपति शिवाजी महाराज किसान सन्मान योजना

ऐतिहासिक एवं पारदर्शी, सबसे बड़ी कर्ज माफी योजना
48.24 लाख किसानों के लिए बैंकों को दिए गए 22,996 करोड़ रुपए
40.16 लाख किसानों के बैंक खातों में जमा किए गए 16,667 करोड़ रुपए
परिवार के अलावा व्यक्तिगत रुप से पात्र होने पर लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि

दोनों कर्ज माफी में अंतर

| 2009 | 2017 |
|---|---|
| 4008 करोड़ रुपए माफ | 22,996 करोड़ रुपए माफ |
| एकड़ की सीमा | एकड़ की सीमा नहीं |
| राशि बैंक के खातों में | राशि किसानों के कर्ज खाते में |
| बैंक के माध्यम से सूची | ऑनलाइन आवेदन |
| 20,000 रुपए का कर्ज माफ | 1,50,000 रुपए का कर्ज माफ |
| पैसा बैंकों को दिया गया | सिर्फ़ वास्तविक, जरुरतमंद किसान लाभान्वित लगभग 25 लाख गैर-किसान खाते रद्द |
| 34 लाख खाते खोले गए | 48.24 लाख खाते खोले गए |
| केवल कर्ज माफी | कर्ज माफी के साथ प्रोत्साहन योजना |
| लोक प्रतिनिधि कर्ज माफी में शामिल | लोक प्रतिनिधि कर्ज माफी में शामिल नहीं |

उन्नत खेती

कृषि यांत्रिकीकरण पर खर्च
- 2002-03 से 2013-14 (11 वर्ष) : खर्च- रु. 301.22 करोड़ (प्रतिवर्ष औसत : खर्च 27.38 करोड़)
- 2014-15 से 2017-18 (4 वर्ष) : खर्च- रु. 544.84 करोड़ (प्रतिवर्ष औसत : खर्च 136.21 करोड़)

टैक्टर वितरण
- 2009-2014 (5 वर्ष) 9901
- 2014-2018 (4 वर्ष) 17,721

सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए धन्यवाद!



श्री नरेंद्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री

श्री देवेंद्र फडणवीस
मा. मुख्यमंत्री

सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय